Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ ब्यावर मे पटवारी पटवार हल्का रूपनगर 7,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 18 नवम्बर, मंगलवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **आनन्द मेघवाल पटवारी पटवार हल्का रूपनगर जिला ब्यावर** को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने परिवादी की जमीन से सम्बन्धित नामान्तरकरण खोलने की एवज में परिवादी से 7,000/- रूपये रिश्वत की मांग की जाकर आज दिनांक 18.11.2025 को परिवादी से रिश्वत राशि **7,000/- रूपये** अपने सामने रखी टेबल पर रखवाई जंहा से रिश्वत रिश्वत राशि बरामद की गई।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया की ए.सी.बी. अजमेर इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि पटवारी पटवार हल्का रूपनगर आनन्द मेघवाल द्वारा उसकी जमीन का विरासत का नामान्तकरण खोलने की एवज में पटवारी श्री आनन्द 8,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। दिनांक 13.11.2025 को रिश्वत की मांग का सत्यापन करवाया गया जिसमें 7,000/- रूपये रिश्वत दिया जाना तय हुआ।

जिस पर एसीबी रेंज अजमेर के **पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी अजमेर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भागचन्द्र** के नेतृत्व में आज **पुलिस निरीक्षक श्रीमती मीरां बेनीवाल** एव टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये आनन्द मेघवाल, पटवारी पटवार हल्का रूपनगर को 7,000/- रूपये की रिश्वत लेते हुये पकडा गया है।

आरोपी से पूछताछ तथा अग्रिम कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें मे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।